श्री भैरव पद्मावती विधान

आशीर्वाद

गणाधिपति गणधराचार्य श्री कुन्थुसागरजी गुरुदेव

वैज्ञानिक धर्माचार्य श्री कनकनंदीजी गुरुदेव

रचनाकार

आर्ष मार्ग संरक्षक, कविहृदय, प्रज्ञायोगी

दिगम्बर जैनाचार्य श्री गुप्तिनंदीजी गुरुदेव ससंघ

प्रकाशक

श्री धर्मतीर्थ प्रकाशन

पुस्तक का नाम	:	**श्री भैरव पद्मावती विधान**
आशीर्वाद	:	**गणाधिपति गणधराचार्य श्री कुन्थुसागरजी गुरुदेव** **वैज्ञानिक धर्माचार्य श्री कनकनंदीजी गुरुदेव**
रचनाकार		**आर्षमार्ग संरक्षक प्रज्ञायोगी दिगम्बर जैनाचार्यश्री गुप्तिनंदीजी गुरुदेव**
रचयित्री	:	**गणिनी आर्यिका राजश्री माताजी** **आर्यिका आस्थाश्री माताजी**
विशेष सहयोग	:	**भट्टारक पट्टाचार्य श्री देवेन्द्र कीर्ति जी, श्री हुमचा तीर्थ** **मुनि श्री विमलगुप्तजी, मुनि श्री विनयगुप्तजी** **क्षुल्लक श्री धर्मगुप्तजी, क्षुल्लक श्री शांतिगुप्तजी** **क्षुल्लिका धन्यश्री माताजी, क्षुल्लिका तीर्थश्री माताजी** **ब्र. केशरबाई**
सर्वाधिकार सुरक्षित	:	**रचनाकाराधीन**
प्रतियाँ	:	1000
संस्करण	:	**प्रथम, द्वितीय-2020**
प्रकाशक	:	**श्री धर्मतीर्थ प्रकाशन, धर्मतीर्थ क्षेत्र कचनेर के पास, औरंगाबाद (महाराष्ट्र)** Email : dharamrajshree@gmail.com

प्राप्ति स्थानः

1. प्रज्ञायोगी दिगम्बर जैनाचार्य श्री गुप्तिनंदीजी गुरुदेव ससंघ
2. श्री धर्मतीर्थ, औरंगाबाद (महाराष्ट्र) 9421503332
3. श्री नितिन नखाते, नागपुर, 9422147288
4. श्री राजेश जैन (केबल वाले), नागपुर 9422816770
5. श्री रमणलाल साहू जी, औरंगाबाद मो. 9823182922
6. श्री सुबोध जैन, राधेपुरी, दिल्ली 9910582687

मुद्रक : **राजू ग्राफिक आर्ट, जयपुर** मो.नं. : 9829050791
E-mail : rajugraphicart@gmail.com

अनुक्रमणिका

क्र.	विषय	लेखक	पृ.नं.
1.	आशीर्वाद	ग.गणधराचार्य श्री कुन्थुसागरजी	4
2.	शुभाशीर्वाद	वैज्ञानिक धर्माचार्य कनकनन्दी जी	4
3.	शुभाशीर्वाद	प्रज्ञाश्रमण आचार्य देवनन्दी जी	5
4.	जयतु श्रुत देवता	आचार्य गुप्तिनंदी जी	6
5.	पद्मरूपा पद्मावती माता	आर्यिका आस्थाश्री माताजी	8
6.	श्री भैरव पद्मावती विधान मंडल		11
7.	पद्मावती मण्डल पूजा विधान सामग्री		12
8.	संपत-शुक्रवार व्रत विधान कथा		13
9.	मंगलाष्टकम्		20
10.	विनय पाठ		22
11.	पूजा आरंभ (हिन्दी)		23
12.	श्री नित्यमह पूजा		27
13.	ऋद्धि मंत्र		31
14.	श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ पूजा		32
15.	श्री धरणेन्द्र यक्ष पूजा		38
16.	संपत् शुक्रवार व्रत पूजन		42
17.	श्री पद्मावती अभिषेक पूजा		47
18.	अद्भुत महामंत्र		49
19.	अथ पद्मावती माला मंत्र		50
20.	पद्मावतीदेवी अष्टोत्तरशतनाम बीजाक्षर मन्त्राः		52
21.	पद्मावती सहस्रनाम		54
22.	श्री भैरव पद्मावती विधान		69
23.	विधान प्रशस्ति		88
24.	अर्घावली		89
25.	समुच्चय अर्घ		91
26.	शांति पाठ, विसर्जन पाठ		92-93
27.	पद्मावती माता की आरती		94
28.	यक्ष-यक्षिणी की आरती		95
29.	पद्मावती माता का चालीसा		96
30.	साहित्य सूची		98

आशीर्वाद

आचार्य गुप्तिनंदी जी को प्रतिनमोस्तु एवं आर्यिका आस्थाश्री माताजी को समाधिरस्तु आशीर्वाद।

आपके संघ के द्वारा **'भैरव-पद्मावती विधान'** लिखा गया है सो बहुत अच्छी बात है, धार्मिक जन एवं पद्मावती भक्तजन इस विधान से लाभान्वित होंगे। आपने इस विधान को हिन्दी दोहा छन्दादि में लिखा है। इस विधान को संगीतमय करने से लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। देवी भी प्रसन्न होकर भक्तों को आशीर्वाद देगी। मेरा भी आपको आशीर्वाद है।

- ग.ग. आचार्य कुन्थुसागर

शुभाशीर्वाद

श्रावक जन सर्वप्रथम तीनों लोकों के स्वामी श्री जिनेन्द्र भगवान का भक्ति भाव से 6 अंग सहित पूजा अभिषेक करें। भगवान के साथ ही जो 24 तीर्थंकरों के यक्ष-यक्षिणी क्षेत्रपाल आदि हैं। उनको भी यज्ञांश दान दें, उनका यथायोग्य सम्मान करें।

वे सब सम्मान के पात्र हैं।

आचार्य गुप्तिनंदी जी ने भैरव-पद्मावती विधान लिखा है। वह अद्वितीय है। उनकी रचना जन-जन का कल्याण करने वाली है। सभी भक्तों के दुःख संकट हरने वाली है।

प्रस्तुत कृति के रचनाकार मम प्रिय शिष्य आचार्य गुप्तिनंदी को प्रतिनमोऽस्तु सहित...

-आचार्य कनकनन्दी

सागवाड़ा (राज.), 16-5-2018

"श्री जिनाय नमः"



आचार्य श्री गुप्तिनन्दी जी महाराज की लेखनी से निःसृत रचनायें भारत वर्षीय दिगम्बर जैन समाज के लिये उपहार ही नहीं वरदान है।
आपकी रचनाओं में जैनागम का सार, पौराणिक, ऐतिहासिक, धार्मिक कथाओं का समावेश एवं कर्म सिद्धान्त, पुण्य - पाप के फल का स्पष्ट दर्शन मिलता है।
जब हम आपके द्वारा रचित पूजा-विधान का वर्णन पढ़ते हैं तब हमें आपकी निष्पक्षता पूर्वक आर्ष मार्ग से आप्लावित लेखनी का उल्लेख आपकी रचनाओं में प्राप्त होता है।
यह सम्पूर्ण जिनागम से स्पष्ट होता है कि जैन शासन के तीर्थंकर प्रभु तीन लोक के नाथ, साम्राज्य नायक, होने पर भी, पूर्ण वीतरागी हैं, फिर भी वीतरागी तीर्थंकर प्रभु के बहिरंग वैभव में अष्टप्रातिहार्य, सनत कुमार, सर्वाण्ह यक्ष, चौंसठ चंवर धारी यक्ष, सरस्वती, लक्ष्मी के साथ तीर्थंकर के तत्कालीन शासन देवी - देवता, यक्ष-यक्षिणी प्रभु के पार्श्व भाग में शास्त्रोक्त प्रमाण सहित ~~होते हैं~~ विराजमान होते हैं।

इन समस्त बहिरंग वैभव की पूजा के साथ वीतरागी प्रभु के पार्श्व भाग में विराजमान यक्ष यक्षिणी का सम समयोचित, सामयिक, सम्मान, यथोचित सत्कार, वस्त्राभरण पूज्य सामग्री से पूजा अर्चना अभिषेक पूर्वाचार्यों के आगमानुसार है, जैन शासन की महिमा को मण्डित करने वाले हैं।
अभी आपने "भैरव पद्मावती विधान" की रचना कर जैन शासन की सम्यक्त्व वर्द्धक क्रिया को पुष्ट किया है। इस विधान की रचना से जो जैन समाज के लोग जैनधर्म से बहिर्भूत मिथ्या कुदेवी कुदेवताओं के पूजा भक्ति करते थे उनसे दूर हटकर, मिथ्यात्व को छोड़कर, सम्यक्त्व वर्धक पट जिनायतनों का आश्रय लेकर सांसारिक कष्टों से मुक्ति पाकर, निराकुलता पूर्वक जैनधर्म का पालन करते हुये, मोक्षमार्ग को अपना सकेंगे।
श्री भैरव पद्मावती विधान से जन सामान्य भक्त श्रद्धालुओं को अपरिमित लाभ हो इसी सद्भावना से इस कृति की रचना की गई है। कृति के रचनाकार की छन्द बद्ध पूजा, पाठकों को भक्ति से भाव विभोर कर देती है।

धर्म तीर्थ के प्रणेता आचार्य श्री गुप्तिनन्दी जी महाराज द्वारा निर्माणाधीन तीर्थ का एवं अभिनव रचित गद्य - पद्य मय रचनाओं की उत्तरोत्तर अभिवृद्धि होती रहे, ऐसा हमारा आशीर्वाद है।

श्री क्षेत्र कचनेर जी.
५ जून २०१८.

भवदीय
प्रज्ञाश्रमण आचार्य देवनन्दि

जयतु श्रुत देवता



जो स्वयं तिरे और दूसरों को तारे उसे तारणहार या तरण तारण कहते हैं। जिनके आश्रय से तिरने वालों की संख्या गिनती में हो वे तो तारणहार हैं। परन्तु जिनके प्रबल निमित्त से संसार सागर से तिरने वालों की संख्या अनगिनत, असंख्य, अनंत हो तथा उनके मोक्ष गमन के पहले या बाद में भी युगों-युगों तक उनका नाम लेकर जीव सदा तिरते रहें उन्हें 'तीर्थंकर' भगवान कहते हैं। उनके जिनशासन की जो नित्य निस्वार्थ, निष्काम प्रभावना करते हैं। अपनी शक्ति से धर्मात्मा जीवों का संरक्षण करते हैं, जो निश्चित होते हैं, उन्हें जिनशासन प्रभावक, यक्ष-यक्षिणी कहते हैं। उन्हीं तीर्थंकरों में सर्वाधिक प्रसिद्ध तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ भगवान हैं। जो समता मूर्ति, संकटहर्त्ता हैं। आज भरत क्षेत्र के सर्वाधिक तीर्थ क्षेत्रों जिनालयों, गृह चैत्यालयों में तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमायें विराजमान हैं। वे जन-जन के आराध्य हैं। इसी प्रकार 24 तीर्थंकरों की 24 यक्षिणियों में 'श्री पद्मावती माता' सर्वाधिक विख्यात है। आज सारे विश्व में जहाँ-जहाँ श्री पार्श्वनाथ भगवान विराजमान हैं वहाँ-वहाँ पद्मावती माता भी विराजमान हैं। बल्कि अन्य तीर्थंकरों के मन्दिरों में भी पद्मावती माता का विशेष स्थान है। देवियों में श्री पद्मावती माता जैन समुदाय में जन-जन की आराध्या हैं। वे इतनी विख्यात क्यों हैं ? क्योंकि उन्होंने तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ का उपसर्ग मिटाया है। उपसर्ग के समय बड़ी निर्भीकता से उन्होंने पार्श्वनाथ भगवान को अपने मस्तक पर विराजमान किया और धरणेन्द्र यक्ष ने प्रभु पर अपना फण छत्र तान दिया। श्री धरणेन्द्र और पद्मावती को देखकर उनकी भीषण आवाज सुनकर दुष्ट कमठ अपनी माया समेटकर प्रभु चरणों में नतमस्तक हो गया। इस तरह प्रभु का उपसर्ग दूर हुआ। **तब से माता का नाम भैरव पद्मावती विख्यात हुआ।** इनके अलावा भी अनेकों आचार्यों, मुनिराजों का उपसर्ग पद्मावती माता ने दूर किया है। अनेकों सज्जन श्रावकों व सतियों की लाज माता ने बचायी है। अनेकों की सूनी गोद भरी है। हर प्रकार से अनेकों जीवों की रक्षा की है। समय-समय पर जिनशासन की प्रभावना करते हुए

अनेकों मन्दिरों व तीर्थों की रक्षा की है। इसलिये आज हुमचा, लाल मन्दिर दिल्ली, अणिन्दा, कुन्थुगिरी, उगार, बनारस, अहिक्षेत्र आदि अनेक स्थानों में पद्मावती माता की विशेष मान्यता है। बल्कि लाल मन्दिर दिल्ली का अनुसरण करते हुए दिल्ली के अधिकांश मंदिरों में पद्मावती माता की स्थापना की जाती है। बड़ौत, दिल्ली, रोहतक, मुजफ्फर नगर आदि अनेक शहरों में माता रानी के महा दरबार लगाकर विशेष जागरण किये जाते हैं। तो दक्षिण भारत में उनका विशेष महाश्रृंगार किया जाता है। मैंने भी 24 भुजा वाली अष्टधातु की पद्मावती माता की अति सुन्दर प्रतिमा बनवायी है। उनकी आराधना के लिए अत्यन्त सुन्दर चित्ताकर्षक प्रभावशाली **'श्री भैरव पद्मावती विधान'** बनाया है। श्री धर्मतीर्थ से श्री श्रवणबेलगोला गोम्मटेश बाहुबली मस्तकाभिषेक महायात्रा के दौरान जब हमारा संघ हुमचा तीर्थ पहुँचा। वहाँ सर्वप्रथम **'भैरव पद्मावती विधान'** किया गया। तब श्री हुमचा तीर्थ के **भट्टारक श्री देवेन्द्र कीर्ति स्वामी जी** ने हमें संस्कृत का **'भैरव पद्मावती विधान'** दिया और उसे हिन्दी में नये ढ़ंग से लिखने की प्रार्थना की। तद्नुसार इस विधान की रचना हुई है। श्रवणबेलगोला महायात्रा के अंतर्गत प्रतिदिन 25-30 किलोमीटर पैदल विहार करते हुए, अपनी श्रमण चर्या का पालन करते हुए मात्र 2 महिनों में सम्पूर्ण विधान की हुई।

यह विधान अत्यन्त सरल, सुगम, संक्षिप्त और रुचिकर है। विद्यार्थी, नवयुवक-नवयुवती, नव दम्पत्ति, महिला-पुरुष, निर्धन-धनवान, निसंतान, भूत-प्रेत की बाधाओं से पीड़ित, शारीरिक-मानसिक-आध्यात्मिक रोगी आदि सभी जीवों के लिये लाभदायी है। तुरन्त फल प्रदायी है।

इस विधान से सबके सब कष्ट दूर हों, पाठक, पूजक, दर्शक, अर्थ सहयोगी, मुद्रक, प्रकाशक आदि सभी को हमारा आशीर्वाद है।

आचार्य गुप्तिनंदी

2-1-2018

आचार्य श्री भट्टाकलंक समाधि तीर्थ

सौंदामठ (कर्नाटक)

पद्मरूपा पद्मावती माता

दोहा– पद्मनेत्र पद्मावती, जिनशासन की शान।
माता तुम जिनभक्ति की, जग में है पहचान॥

मैं अपने आराध्य 24 तीर्थंकर भगवान को कोटि–कोटि प्रणाम करती हूँ। आदिनाथ, शांतिनाथ, चिंतामणि पारसनाथ, महावीर भगवान को नमन, वंदन करती हूँ। गणधर परमेष्ठी, जिनवाणी माता को नमन, वंदन करती हूँ।

पूज्य गुरुओं को नमन करती हूँ। आचार्य श्री महावीरकीर्ति जी, गणाधिपति गणधराचार्य भारत गौरव वात्सल्य रत्नाकर मम दीक्षागुरु आचार्य श्री कुंथुसागर जी गुरुदेव को त्रयभक्तिपूर्वक नमोऽस्तु करती हूँ। मम दीक्षा शिक्षागुरु वैज्ञानिक धर्माचार्य श्री कनकनंदी जी गुरुदेव को त्रयभक्तिपूर्वक नमोऽस्तु करती हूँ। मम शिक्षा, संस्कार, ज्ञान प्रदाता, परम पूज्य प्रज्ञायोगी कविहृदय महाकवि आर्षमार्ग संरक्षक आचार्य श्री गुप्तिनंदी जी गुरुदेव को त्रय भक्तिपूर्वक नमोऽस्तु करती हूँ।

हमारे जैन धर्म के प्रचारक 24 तीर्थंकर भगवान हुये हैं। उन चौबीस भगवान के शासन यक्ष 24 हुये हैं। इसी तरह 24 यक्षिणी भी हुई हैं।

भगवान के समवशरण में इनका निश्चित स्थान है। ये सब भगवान के परम भक्त हैं, सम्यग्दृष्टि हैं।

24 यक्षिणियों में सबसे अधिक सम्मान महादेवी पद्मावती को दिया जाता है। जिस मंदिर में जो भगवान मूलनायक होते हैं, उनके शासन देवी–देवता की प्रतिमा तो बिठाई जाती है, परन्तु पद्मावती माता को भी उन मंदिरों में बिठाया जाता है।

पद्मावती माता के नाम से अनेक तीर्थ हैं जो बड़े ही अतिशयकारी हैं। जहाँ लाखों भक्त उनके दर्शन करने दूर–दूर से आते हैं। कर्नाटक क्षेत्र में एक प्रसिद्ध स्थान पद्मावती माता का है।

हुमचा जिसका नाम है, यहाँ श्रावक तो क्या साधु–संत भी इस तीर्थ पर

भगवान के दर्शन करने व देवी माँ को आशीर्वाद देने आते हैं। यह तीर्थ बहुत ही प्राचीन है। यहाँ पर कई आचार्यों ने चातुर्मास किये हैं। कितने ही आचार्यों ने मुनि दीक्षा, आर्यिका दीक्षा आदि दी हैं। हमारे दीक्षा गुरु गणाधिपति गणधराचार्य श्री कुन्थुसागर जी गुरुदेव की मुनिदीक्षा भी यहाँ पर हुई है।

उगार पद्मावती कर्नाटक में है। यहाँ भी भक्तों की अपार भीड़ लगी रहती है। कश्मलगी में 108 भुजा वाली देवी पद्मावती विराजमान है। भारत के अनेक मंदिरों में देवी की भव्य प्रतिमा विराजमान है। समय-समय पर पद्मांबा अपना अतिशय दिखाती रहती हैं।

दिल्ली के लाल मंदिर में माता ने ऐसा चमत्कार दिखलाया कि अन्य मतावलंबी राजा को भी जैनधर्म को सम्मान देना पड़ा, झुकना पड़ा। इस प्रकार जिनायतन की रक्षा की। दक्षिण भारत से लेकर उत्तर भारत के अनेक मंदिरों में पद्मावती माता का बहुत भारी सम्मान किया जाता है।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा आदि स्थानों पर पद्मावती माता का बहुत बड़ा दरबार लगाया जाता है, चौकी बिठाई जाती है। उस दरबार में जैन जैनेत्तर सभी माता की भक्ति करने आते हैं। श्रद्धा से एक दीप अपनी तरफ से लगाते हैं, गोद भरते हैं और भक्ति करते हैं। इसलिए हमें भी रोज भगवान के अभिषेक के पूर्व भी देवी-देवता को अर्घ समर्पण करना चाहिये। प्रभु का अभिषेक पूजन होने के बाद भी पद्मावती, क्षेत्रपाल, यक्ष-यक्षिणी को यज्ञांश दान देना चाहिए।

मुनिराज, आर्यिका, क्षुल्लक, क्षुल्लिका उनको आशीर्वाद देते हैं। अन्य श्रावक गण, माता, बहनें, सम्मान करके हाथ जोड़कर जय जिनेन्द्र करते हैं।

पंचमकाल में हम इन यक्ष-यक्षिणी, क्षेत्रपाल आदि का सम्मान करेंगे तो ये हमें साथ देंगे। हमारे सभी भगवान तो सिद्ध शिला पे विराजमान हैं। जब कभी हमारे ऊपर संकट आता है तब हम भगवान को पुकारते हैं। उस संकट के समय ये यक्ष-यक्षिणी ही हमें दुःख, संकट से उबारते हैं। हमारा साथ देते हैं।

माता पद्मावती ने हमारे पार्श्वनाथ भगवान का उपसर्ग दूर किया। अपने मस्तक पर प्रभु को बिठाया और धरणेन्द्र देव ने प्रभु के ऊपर छत्र तान दिया। अनेक मुनियों, आर्यिकाओं के चतुर्विध संघ पे आये घोर उपसर्ग को दूर किया है।

माता ने अनेकों सतियों का शील बचाया है। सज्जन की रक्षा करने वाली माता का हर भक्त को हर शुक्रवार को गोद भरना चाहिये, सम्मान करना चाहिये। सम्मान करने से सम्मान मिलता है और गोद भरने से गोद भरती है। इसलिये उनका पूजा, विधान, मंत्र जाप आदि करना चाहिये। व्रत करना चाहिये।

अनेक नये तीर्थों पर पद्मावती माता के सुन्दर-सुन्दर मंदिर बन रहे हैं। **आचार्य श्री गुप्तिनंदी जी गुरुदेव की प्रेरणा से कचनेर क्षेत्र के पास 'धर्मतीर्थ'** बन रहा है। इस धर्मतीर्थ पर नवग्रह अरिष्ट निवारण करने वाली 8 अष्ट धातु की 9 प्रतिमायें नवग्रह शांति जिनालय में विराजमान हैं।

24 भुजा वाली अष्ट धातु की भैरव पद्मावती माता विराजमान है। अपने 24 हाथ से माँ सबको आशीर्वाद देती रहेगी। प्रश्न होता है कि पद्मावती में भैरव पद्मावती नाम क्यों है ? इसका उत्तर यह है कि श्री जिनसेनाचार्य के पार्श्वाभ्युदय महाकाव्य में और गुणभद्राचार्य के उत्तर पुराण अनुसार जब श्री पार्श्वनाथ भगवान पर दुष्ट कमठ ने महा उपसर्ग किया तब पद्मावती माता ने प्रभु को अपने सिर पर उठा लिया और अपनी सम्पूर्ण भुजा में अस्त्र-शस्त्र लेकर पूरी शक्ति से भीषण शब्द किया। भीषण आवाज को ही भैरव कहते हैं। भीषण - भै, आवाज शब्द+रव, भै+रव = भैरव। प्रभु रक्षा के लिए भीषण आवाज करने वाली पद्मावती भैरव पद्मावती कहलाती है।

माता की कृपा व वात्सल्य जिनको मिल जाता है। वह कभी दुःखी, गरीब, रोगी, निर्धन नहीं रह सकता। इस विधान में पूर्णार्घ समेत 75 अर्घ हैं।

यह विधान संसार के सभी भक्तों के काम आने वाला है। सभी इस विधान को हर शुक्रवार के दिन अवश्य करें। अपने दुःख संकट को मिटायें।

बुधवार पौष कृष्णा 11 के दिन भगवान चंद्रप्रभु और चिंतामणि पारसनाथ भगवान के जन्म व तप कल्याणक के दिन साजणी क्षेत्र पर 13-12-2017 को यह विधान प्रारम्भ किया और आज गुड़ी पड़वा को18-3-2018 को पूर्ण किया। इस पुस्तक के प्रकाशक, अर्थ सहयोगी, मुद्रक, दर्शक, पूजक, पाठक दान-दातारों को आशीर्वाद।

-आर्यिका आस्थाश्री

श्री भैरव पद्मावती विधान

मंडल

12 ॐ, 16 ह्रीं, 20 श्रीं, 24 क्लीं लिखें।

पद्मावती मण्डल पूजा विधान विधी
(साभार – पद्मावती विधान कुंथुगिरी)

पंचरंगों से नक्शे के अनुसार स्वच्छ धुला हुआ एक सुन्दर कपड़ा बिछाकर मंडल माँड दें। उस मण्डल वेदी पर पंच कलशों को पंचरंग (मौली) धागा बाँधकर नारियल फल रखें। उन कलशों को माण्डले के ऊपर सजाएँ। केले के स्तम्भ आशापाल के पत्तों का वन्दनवार लगाएँ, चँदोवा बाँधें और मण्डल को खूब सजाएँ। फिर मण्डल के आगे अभिषेक पीठ की स्थापना कर दें। यजमान धुले हुए वस्त्र पहनकर स्थापना पूर्वक पंचामृताभिषेक करें, शान्तिधारा करें, फिर अंगपोच्छन करके माँडले के ऊपर भगवान का स्थापन करें। भगवान के वाम भाग में एक टेबल लगाकर उस पर पद्मावती देवी की मूर्ति को सुन्दर–सुन्दर वस्त्राभूषणों से सजाएँ, षोडशाभरण पहनाएँ, पूजा प्रारम्भ करें। सकलीकरण, इन्द्रप्रतिष्ठा, मण्डल, वेदी शुद्धि, पंचकुमार पूजा, दशदिक्पाल पूजा, महर्षि उपासनादि करके नित्यमह पूजा करें। फिर पार्श्वनाथ पूजा करें, धरणेन्द्र पूजा करें, उसके बाद मण्डल विधान प्रारम्भ करें। पद्मावती पूजा करें। जो–जो समान वस्त्राभूषणादि लेकर आये हैं उन सबको पहले ही पहना दे। पूजा में नाम आने पर पुष्पांजलि क्षेपण कर दें।

विधान की सामग्री– 100 नारियल, 100 अर्घ की सामग्री, 5 कलश, 1–1 रुपये कलश में, 5 कलर की रंगोली 1–1 किलो, पंचामृत अभिषेक का समान, हरे फल केला, मौसंबी नैवेद्य आदि।

पद्मावती के श्रृंगार का सामान– साड़ी, 2 मीटर ब्लाउज के लिए, मुकुट, हार, चूड़ियाँ, कुण्डल, पायल, कंगन, जेवर का पूरा सैट, बड़ी माला, कुंकुम, काजल, बिन्दी, इत्र, दर्पण, तेल, चोला, गजरा, बिछिया, तिलक, भीगे चने आधा किलो, नौ प्रकार की 1–1 किलो मिठाई, आधा–आधा किलो नौ प्रकार की मेवा, नौ प्रकार के हरे फल, गन्ना (ईख), बिजौरा, नींबू, सुवर्ण कलश, 5 पान, 5 सुपारी, 100 इलायची आदि। देवी का पंचामृत अभिषेक करके खूब सजा दें। सुवर्णादिक आभरण आदि श्रृंगार का सभी सामान मँगवाएँ। अपनी शक्ति अनुसार जैसा ला सकें वैसा करें।

संपत-शुक्रवार व्रत विधान तथा कथा

मगध देश में राजगृह नगर के पास विपुलाचल पर्वत पर श्री महावीर स्वामी का समवसरण आने का समाचार महाराज श्रेणिक ने वनपाल के मुख से सुना और हर्षित होकर महारानी चेलना के साथ सपरिवार वहाँ पहुँचे। बड़ी भक्ति-भाव से जय-जयकार करके तीन प्रदक्षिणाएँ देकर श्री वीर प्रभु को त्रिबार नमोऽस्तु किया। बाद में बारह सभा के मनुष्यों के कोठे में बैठ गये। भगवान की दिव्य-ध्वनि श्री गौतम गणधर की वाणी द्वारा सुनकर राजा-रानी ने भक्ति-भाव से आनन्दित होकर विनती की कि हे भगवन्! संसार में दम्पति को अखण्ड सौभाग्य प्राप्त करने के लिए क्या करना चाहिये? इस विषय में कोई एक कथा हमको सुनाइए। तब भगवान के मुख से वाणी निकली, वह कथा इस प्रकार है :-

प्राचीन काल में सौराष्ट्र देश में परिभद्रपुरी नाम का एक नगर था। वहाँ का विकारमात्ता नाम का तेजस्वी, महापराक्रमी, न्यायी और धर्म व प्रजावत्सल राजा था। उसके बहुत रानियाँ थी। उनमें भूमि भुजादेवी पटरानी पतिव्रता, चतुर व कार्यकुशल थी और वह राजा को मंत्री की तरह सहायता देती थी। दोनों ने अपने राज्य में महती धर्म प्रभावना की। उनकी नगरी में श्रुणुयात नाम का एक दरिद्र व्यापारी था। उसकी पत्नी का नाम रूक्मावती था। उसकी जैन धर्म पर बहुत श्रद्धा भक्ति थी। पाप के डर से उससे कोई बुरे कार्य नहीं होते थे। घर में दरिद्रता के कारण वह दुःखी थी, इसलिए उसे किसी के पास जाकर बैठना बुरा लगता था और अपने घर में जो था उसी में संतुष्ट थी। अपनी बुरी स्थिति के कारण वह किसी से नहीं बोलती थी। अधिक संतान होने के कारण उनकी देख-भाल में उसका सारा दिन बीत जाता था। वह उनकी इच्छा पूर्ति व पालन-पोषण में असमर्थ थी। इस दुःख से छुटकारा पाने की रात-दिन उसे चिन्ता रहती थी। इससे उसका शरीर दुर्बल हो गया था। क्या करूँ, कहाँ जाऊँ उसे कुछ समझ में नहीं आता था। एक दिन पड़ौसी स्त्री ने उसे आकर समझाया। देखो आज भाग्य का दिन निकला है। गाँव के बाहर बगीचे में श्री विजयाभिनन्दन मुनिराज पधारे हैं, उनके दर्शनों के लिए गाँव के स्त्री व पुरुषों की भीड़ लग रही है। वे बहुत ज्ञानी हैं तथा भक्तों को हित का उपदेश देते हैं। सो अपन भी उनके दर्शनों का लाभ लेवें और इह लोक-परलोक के हित को साधकर सद्गति प्राप्त कर लें। इसलिए मैं तुझे बुलाने आई हूँ। तेरी इच्छा हो तो मेरे साथ चल। यह सुनकर रुक्मावती को अत्यन्त हर्ष हुआ। चिन्तित मन में शान्ति हुई। घरेलु दुःखों से छूटने का मार्ग मिले और शांतिसुख की प्राप्ति हो- इस भावना से वह उस स्त्री के साथ जाने को निकली। वहाँ पहुँच कर देखा कि क्या

ही चमत्कार है। दर्शनों की प्रतीक्षा में अपार जन–समुदाय श्री विजयाभिनन्दन मुनिराज के सामने जय–जयकार कर रहा है। विमान से पुष्प वृष्टि हो रही है। यह दृश्य देखकर रुक्मावती का मन प्रफुल्लित हो गया। उसने मुनीश्वर को विनयपूर्वक सादर नमस्कार किया और श्राविकाओं की सभा में जाकर बैठी। मुनीश्वर ने उपदेश प्रारम्भ किया। उसे सुनकर वह इतनी गद्‌गद् व प्रसन्न हुई कि अपने बाल बच्चों, घर–बार व संसार को भूल गई। मुनीश्वर ने अपनी अमृतवाणी से सात तत्त्वों का निरुपण किया। जीव तत्त्व का महत्त्व समझाया, अनादि संसार के सुख–दु:ख का वर्णन किया और जीवों के हित का मार्ग बतलाया। उन्होंने अखण्ड सौभाग्य बढ़ाने वाली व अत्यन्त सुख देने वाली संपत शुक्रवार व्रत की क्रिया बतलाई। वह क्रिया रुक्मावती ने ध्यानपूर्वक सुनी। वह क्रिया इस प्रकार थी–

विधान– श्रावण महीने में प्रत्येक शुक्रवार को उपवास अथवा एकासना करें, शक्ति अनुसार पूजा सामग्री साथ लेकर श्री जिन मन्दिर में जाकर दर्शन स्तुति, स्तोत्रादि द्वारा भगवान की पूजा भक्ति करें और धरणेन्द्र पद्मावती सहित श्री पार्श्वनाथ भगवान का पंचामृत अभिषेक पूजा करके श्री पद्मावती देवी की मूर्ति को दूसरे एक ऊँचे आसन पर विराजमान करें। नाना प्रकार के वस्त्रालंकारों से उनका श्रृंगार करें। दीप, धूप, फूलों के हार, केला के खम्भ इत्यादि साधनों से मंडप सजावें। हल्दी, कुंकुम, भीगे हुए चने आदि लेकर पंचोपचार पूजा करें। बाद में श्री पद्मावती महादेवी को मणि, मंगलसूत्र आदि आभूषण पहनावें। बाद में आटे के दो दीपक सहित जयमाला बोलकर तीन प्रदक्षिणाएँ देकर पूर्णार्घ चढ़ावें। फिर महादेवी की मंगल आरती करके शान्ति भक्तिपूर्वक विसर्जन करें। बाद में ध्यानपूर्वक शुक्रवार की व्रत कथा सुने। श्री पद्मावती देवी के सहस्रनाम के प्रत्येक बीजाक्षर मन्त्रों को बोलते हुए एक–एक चुटकी कुंकुम या लवंग पुष्प चढ़ावें, प्रत्येक शतक में अर्घ्य चढ़ावें, गंधोदक सिंचन करें और **''ॐ आं क्रौं ह्रीं ऐं क्लीं ह्रं सौं श्री पद्मावतीदेव्यै नम: मम सर्व विघ्नोपशांतिं कुरु–2 स्वाहा: ।''** इस मंत्र का लाल कनेर के फूलों से जाप्य करें। यदि कनेर के फूल उपलब्ध न हों तो गुलाब आदि के पुष्पों से जाप करें। आखिरी शुक्रवार को ऊपर कही हुई सारी क्रिया परिपूर्ण करके श्री पद्मावती माता को साडी पहनावें, षोडशालंकार से श्रृंगार करावें और नीचे लिखी सामग्री लेकर गोद भरे–

पाँच हरी चूडियाँ, पाँच हल्दी की गांठ, पाँच खोपरा, कुंकुम् के पाँच चोपड़े (डिब्बियाँ) स्त्रियाँ, पाँच नींबू, पाँच केले, पाँच छुहारे, पाँच मखाना, पताशा आदि इस प्रमाण लेकर उत्तम नारियल तथा चोली का वस्त्र लेकर गेहूँ या चावल से पाँच सौभाग्यवती स्त्रियों द्वारा गोद भरावें। गोद भरते वक्त अग्रिम श्लोक पढ़ें–

जय स्फटिक रूपद भामिनी, श्री पद्मावती अघहारिणी।
धरणेन्द्रराज कुलयक्षिणी, दीर्घ आयु आरोग्य रक्षिणी।।

उसके बाद अपने कुटुम्बीजनों को भीगे चने, हल्दी, कुंकुम, मखाना, पताशा, गुड़, खोपरा, पान, सुपारी इत्यादि गोद का प्रसाद बोलकर बांटें। एकत्रित सौभाग्यवती स्त्रियों को हल्दी कुंकुम लगावें। बाद में जय–जयकार करके मंगल गीत गाजे–बाजे के साथ घर वापस आवें। इस प्रकार पाँच वर्ष पर्यन्त यह व्रत विधिपूर्ण होने पर बाद में उद्यापन करें।

उद्यापन विधि–

पाँचकोनी कुम्भों की स्थापना करें, पाँच कलश स्थापित करें, पंचवर्णी रेशमी सूत बांधकर पाँचों कोणे तैयार करें। चारों दिशाओं में केले के खम्भ खड़े करें। खम्भों के पास दीपकों की रोशनी तथा हांडी गोल झाड़ आदि से सजावट करें, आटे के दीपक से आरती करें, चंवर ढुरावें, कुंकुम मिश्रित अक्षत एवं फूलों की वृष्टि करें। श्री पद्मावती देवी का विधान करें। पाँच पकवान के पाँच नैवेद्य अर्पण करें। पद्मावती देवी के समक्ष फूल और फूलों पर कुंकुम रख कर और मोती रखकर चढावें और सौभाग्यवती स्त्रियों को देवें। पाँच–पाँच मंगल वस्तुयें श्री जिन मन्दिर में चढ़ावें। आर्यिका को आहारदान तथा वस्त्रदान देवें। पाँच दम्पति को इच्छित भोजन करावें। यदि इस प्रकार से उद्यापन करने की शक्ति न हो तो दुगुणा व्रत करें। ऐसा करने से उद्यापन करने का फल मिलता है।

माँ, बाप, बहिन, भाई, नणद, देवर, जेठानी, सास, ससुर सबके आशीर्वाद से जीकर पति परमेश्वर का आखिर तक अच्छा सहवास मिले। सुसंतान सहित सुखी संसार बने, आनन्द से समय बीते, धन संतान की वृद्धि, लक्ष्मी की प्राप्ति, आरोग्यता, दीर्घायु एवं भूत पिशाचादि का भयनाश इत्यादि सुखों की प्राप्ति होकर चारों तरफ कीर्ति फैलती है। इस व्रत की महिमा अपरम्पार है। परन्तु श्री जिन धर्म पर एक निष्ठा भक्ति रखें। जीवनपर्यन्त श्री पद्मावती माताजी की सेवा नियमित रूप से करने की परम्परा से मोक्षमार्ग की सिद्धि होती है।

स्त्रियों के लिए कुमारी अवस्था में 'आत्म कुंकुम'' हल्दी और यौवनावस्था में 'सप्तकुंकुम' निश्चय से दुर्गति निवारक हैं। परन्तु इस जन्म में भी –

''कज्जलं कुंकुम काचं कबरी कर्णशेखरम्।
एवं पंच प्रकीर्त्यानि ककाराणि पुरन्ध्रीणाम्।।''

अर्थ– काजल, कुंकुम, काँच, चोटी व कर्णफूल ये सौभाग्यवती स्त्री के प्रसाधन कहे गये हैं। सौभाग्यवती कहलाने वाली महाभाग्यवती को ऊपर कहे पाँच ककार की जीवन के आखिर तक प्राप्ति होती है। अखण्ड सौभाग्यवती कहलाकर बड़े गौरव से उसका आयु पर्यन्त यश फैलता है। आत्म 'कुंकुम' और 'सप्तकुंकुम' इन व्रतों के महत्त्व का वर्णन श्री धरणेन्द्र देवराज की चंचल जिह्वा द्वारा भी किया जाना अति कठिन है, यह महा कल्याणकारी है। बरसाती तुच्छ नदी प्रवाह के समान क्षणभंगुर जीवन को निस्सार समझकर संसार बढ़ाना मूर्खता है। इस भवसागर से पार होने के लिए विचारशील व्यक्ति को यह व्रत कारणीय है। इसलिए महिलागण इस व्रत के पालन में अबला की तरह अति कोमल न हों।स्त्री जन्म को इसी भव में सार्थक कर लें; क्योंकि अगला जन्म उच्च कुल में होगा, ऐसा निश्चय से नहीं कहा जा सकता। इसलिए नर से नारायण बनने का यही उत्तम साधन है। बार–बार नारीय भव प्राप्त नहीं होता, इसलिए जागरूक होकर उत्साह व प्रसन्नता से व्रत धारण करें, उससे दु:ख में सुख की प्राप्ति होगी। इस प्रकार रुक्मावती ने मुनीश्वर के मुखारविन्द से व्रत का माहात्म्य विधि और फल सुनकर अपनी दरिद्रता की बिना परवाह किये मुनिराज के पास व्रत लेने का मन में निश्चय किया। उसने मुनिराज को नमोऽस्तु करके अपना भाव व्यक्त किया। मुनिराज ने पंचपरमेष्ठी की साक्षी में उसको व्रत दिया। श्री गुरुमुख से व्रत लेकर प्रसन्न मन से रुक्मावती घर गयी और शक्ति अनुसार साधन सामग्री से व्रत शुरू किया।

उसी गाँव में उसका गुरुदेव नाम का भाई रहता था। वह बड़ा सेठ था। उसने अपने पुत्र के यज्ञोपवीत संस्कार के निमित्त गाँव के सारे नागरिकों को एक सप्ताह पर्यन्त इच्छित भोजन कराकर संतुष्ट करने के भाव से घर–घर निमंत्रण भेजा, परन्तु अपनी बहन को निमंत्रण नहीं भेजा, क्योंकि वह दरिद्री थी, अगर आयेगी तो देखकर लोक में निन्दा होगी, सोचकर उसे याद तक नहीं किया। गाँव के छोटे–बड़े सब लोग खा–पीकर जब उसी के दरवाजे के सामने से जाने लगे तो उसे आश्चर्य हुआ और सोचने लगी कि– मैं और मेरा भाई एक ही हाड़, मांस, रक्त, पिंड के हैं, उसने सब लोगों को संतुष्ट किया है, मैंने उसके ऐसे क्या घोड़े मारे हैं ? फिर सोचा काम की धाँधली में भूल गया होगा इसलिये बेकार उस पर रोष करके अपने सोने जैसे भाई को दोष देना ठीक नहीं। निमन्त्रण नहीं भेजा तो क्या हुआ ? भाई ही का तो घर है, जाने में क्या हर्ज है। ऐसा विचार करके वह बाल–बच्चों सहित जीमने गई। बच्चों को सामने लेकर स्त्रियों की पंगत में बैठ गई। थोडी देर बाद उसका भाई कौन आया, कौन रहा, यह जानने के लिए वहाँ घूम रहा था, उसका ध्यान अपनी बहिन की तरफ गया तो पास आया और गुस्से

में बोला– ''बहिन तू आज यहाँ कैसे आई ? तेरी गरीबी के कारण मैंने जानकर तुझे नहीं बुलाया। तेरे पास न अच्छे कपड़े हैं न गहने। तुझे ऐसी दरिद्र देखकर लोग मुझ पर हँसेंगे। इसलिए आज आयी तो आयी मगर कल मत आना, समझी। बहिन बेचारी लज्जित होकर नीची गर्दन कर खाना खाकर, बच्चों को लेकर घर आ गई। दूसरे दिन भी बच्चे कहने लगे माँ आज भी मामा के यहाँ खाने के लिए जायेंगे। यह सुनकर माँ के पेट में खलबली मची। उसने बच्चों को बहुत डांटा मगर वे माने नहीं, उनके हठ के कारण फिर मन में विचार किया कि कैसा भी हो अपना भाई ही तो है, बोला तो क्या हुआ, अपनी गरीबी है तो सुनना ही पड़ेगा, मगर आज का निर्वाह तो होगा। ऐसा सोचकर दूसरे दिन भी बच्चों को लेकर भाई के घर गई और खाने को बैठी। कल की तरह आज भी भाई की सवारी पंगत में आने पर उसने उसे देखा और बोला – ''बहिन तू कैसी भिखारिन है। कल तुझे मना किया था तो भी आज सूअरनी की तरह बच्चों को लेकर आ गई? तुझे शर्म कैसे नहीं आई? आज आई तो आई अगर कल फिर आई तो हाथ पकड़कर निकाल दूँगा। उस बेचारी ने चुपचाप यह सुन लिया और खाने के बाद उठकर अपने घर चली गयी। तीसरे दिन भी इसी प्रकार गई, तब भाई को खूब गुस्सा आया और उसने उसको धक्का देकर बाहर निकाल दिया। उसे बहुत दुःख हुआ, घर आकर बहुत फूट–फूट कर रोयी। उसके मन में विचार आया कि मैंने कौनसा घोर पाप किया जिससे इस जन्म में मुझे घोर दरिद्रता की मार पड़ रही है। सच है अनन्त जन्मों के पाप की राशि इस दरिद्रता की अवस्था है। इसकी अपेक्षा तो नरक के दुःखों से भुन जाना ही अच्छा होता, अब यह यम–यातना सही नहीं जाती, इससे तो मरण अच्छा; क्योंकि वह तो एक बार ही भोगना पड़ता है; परन्तु दरिद्रता का दुःख जीवनपर्यन्त भोगना पड़ता है, धिक्कार है ऐसे जीने को। हे देवी पद्मावती ! हे अम्बिका माता ! तू ही मेरी सहायता कर माँ ! मुझे जगत में किसी का आधार नहीं, तू तो आसरा दे माता ! इस प्रकार करुण क्रन्दन करके वह खूब रोई, रोते–रोते उसे नींद आ गई ! नींद में उसे स्वप्न आया। उसके रूदन की ध्वनि श्री पद्मावती देवी के कानों पर जा टकराई। महादेवी तत्काल मुकुट, कुण्डल, हार आदि पहनकर एक हाथ में धर्मचक्र लिए जगमगाती पोशाक पहन करके पास आकर खड़ी हो गई और कहने लगी कि – ''हे महाभागे ! तू दुःखी न हो, घबरा मत, तू जो आचरण कर रही है उस सप्त शुक्रवार व्रत को मैं अच्छी तरह जानती हूँ। आज तुझे दरिद्रता सम्बन्धी अतिशय दुःख हुआ है तथापि तेरे कष्ट अत्यन्त तेज से युक्त है–

कष्टाधीनं ही दैव, देवाधीनं सुकृतफलं तथैव।
सुज्ञावाक्या चरिता भुक्ति: मुक्ति: तद्धीना।।

अर्थ–कष्टाधीन दैवयोग है। दैवाधीन ही पुण्य का फल है। इसलिए महान्पुरुषों के द्वारा कथित मार्ग पर चलना चाहिये उसके आधीन संसार के भोग व मुक्ति है। तू ध्यान दे और एक निष्ठापन से श्री जिन परमात्मा का चिन्तन कर, उससे तेरा कल्याण होगा। ऐसा कहकर वह देवी अदृश्य हो गई। रुक्मावती ने नींद से जागकर देखा तो वहाँ कोई नहीं दिखाई दिया यह चमत्कार क्या चमत्कार है ? कहकर वह उठ बैठी, मगर उसका मस्तक शून्य हो गया, उसे कुछ भी नहीं सूझा तो फिर वह श्री जिन मन्दिर में जाकर शान्त चित्त से श्री पद्मावती महादेवी का मुख कमल देखने लगी। तब उसे वह मूर्ति हँसती हुई दिखाई दी। उस वक्त रुक्मावती दोनों हाथ जोड़कर विनती करने लगी कि – ''हे देवी ! महामाते ! अम्बिके ! पद्मावती माता !

शरण भी पायो धांवरो धावं या ठाया।
अनाथ जाली तुमची दुहिता। भूवरी नुरला मजला त्राता।।
भाऊ–भाऊ म्हणुनि आता। कोठे जाऊ। तुझेचिमनमनवाहू।।

अर्थ – मैं तुम्हारी शरण को पाया है, मेरी रक्षा करो, मुझे सन्मार्ग पर लगाओ। तुम्हारी लड़की अनाथ है। इस जगत में मेरा कोई रक्षक नहीं रहा। भाई, भाई कहती हुई अब कहाँ जाऊँ, मैंने तुम्हें ही अपने मन में धारण किया है।

इस प्रकार बहुत देर तक प्रार्थना व भक्ति करने के बाद उसे भान हुआ कि घर में बच्चे भूख से व्याकुल होंगे, सोचकर ध्यान से उठी और घर को चली। घर आकर देखा कि बच्चे कामदेव के अवतार के समान दिख रहे हैं। घर में धन–धान्य की भरभराहट होने लगी, जगह–जगह वैभव खुलते लग रहे हैं। हर काम में यश की वृद्धि हो रही है और सामने नयी नवकोनी हवेली बनकर तैयार है। घर में लक्ष्मी की बाढ़ ऐसी आयी हुई है कि शायद सावन मास में बहने वाली नदी का प्रवाह भी उससे कम हो। यहाँ–तहाँ आनन्द है। सच देखा जाये तो जहाँ उसे दो वक्त के खाने की भी मारामारी थी वहाँ अब पाँच पकवान की थालियाँ भरी दिखने लगी हैं। अनेक प्रकार के ऐश्वर्य प्राप्त हैं। सब तरह से घर में भरभराहट है। उसकी कीर्ति दूर–दूर तक फैल गई है। यह कीर्ति सुनकर उसका भाई आश्चर्यचकित हो गया। अपनी बहिन का आदर सत्कार करना चाहिये विचार कर वह स्वयं उसके घर आया और बहिन से बोला – बड़ी बहन ! तुम कल मेरे घर खाने को आना। ना मत करना, तुम आओगी तो ही मैं खाना खाऊँगा, नहीं

तो मैं भी खाना नहीं खाऊँगा, समझी। बहिन ने सोचा, चलो, अपना भाई बड़े सम्मान से बुलाता है, अब हम श्रीमंत हुए तो गर्व नहीं करना चाहिये, इसका इस समय अपमान करना ठीक नहीं है। सिर्फ इसको अपने किए हुए का पश्चात्ताप हो और सन्मार्ग प्रवर्तक होकर अहंकार छोड़े ऐसा विचार कर वह अच्छे गहने तथा बढ़िया ओढ़नी पहनकर उत्तम श्रृंगार करके सम्मान से भाई के घर गई। भाई बड़ी आस्था से राह देख रहा था, उसके आने के साथ उसे पांव धोने को गर्म जल दिया, पाँव पोंछने को रूमाल दिया। थाली परोसने पर दोनों बहन–भाई बड़े प्रेम से पास–पास खाने को बैठे। बिछे हुये पाटे पर बहिन ने बदन पर से ओढ़नी उतार कर रखी, भाई ने समझा गर्मी लगती होगी, बाद में शरीर पर से गहने उतारकर रखे। भाई ने सोचा अपनी कोमल बहिन को बोझा लगता होगा सो उतारे हैं। परन्तु उसके बाद बहिन ने पहला चावल का ग्रास उठाया और ओढ़नी पर रखा। पूरण पोली उठाई और हार पर रखी। भाजी उठाई और कंठी पर रखी, लड्डू उठाया भुजाबंध पर रखा, जलेबी उठाई और मोती के कंगन पर रखी। यह देखकर भाई ने पूछा बड़ी बहन ! तुम यह क्या करती हो? बहिन ने शान्त मुद्रा से कहा मैं जो करती हूँ वह ठीक है, जिनको तुमने खाने को बुलाया है उनको मैं खाना दे रही हूँ। उसकी कुछ समझ में नहीं आया, फिर उसने विनती की, बहिन ! अब तो तुम खाओ। तब बहिन ने कहा–हे भाईसाहब ! आज खाना मेरा नहीं है, इस लक्ष्मी बहन का है। मेरा खाना मैं पहिले ही खा चुकी हूँ। ऐसा सुनकर भाई के मन में पश्चात्ताप हुआ। उसने उसके पाँव पकड़े और बीती हुई गलती की क्षमा मांगी। बहिन भी उस समय बहुत दु:खी हुई और दोनों आपस में गले मिले और बाद में दोनों आनन्द से खाने को बैठे, मन में जो शल्य था उसे निकाल दिया।

जिनकी कृपा के प्रभाव से अपार सम्पत्ति प्राप्त हुई उन पद्मावती माताजी को दोनों कुल के छोटे–बड़े सभी कुटुम्बीजन सेवा करने लगे और अपनी अगणित सम्पत्ति का उपयोग अनेक व्रत उद्यापन चतुर्विध संघ को दान, जिन मंदिर जीर्णोद्धार, सिद्धक्षेत्र–क्षेत्राधिक सम्बन्धी धर्मकार्यों में करने लगे। सहस्रनाम मन्त्र का क्रम से कुंकुम अर्चन करने लगे। इन सब परिणामों को देखकर वहाँ के राजा ने भी भक्ति में दृढ़ होकर जिनधर्म की खूब ठाठबाट से प्रभावना की। बाद में थोड़े ही समय में सर्व कुटुम्बीजनों ने राजा सहित जिन दीक्षा धारण कर घोर तप किया और वे चतुर्गति का नाश कर अन्त में मोक्ष गये।

॥ इति सप्त शुक्रवार व्रत विधान कथा सम्पूर्ण॥

(पूजन की थाली में निम्नलिखित श्लोक बोलते हुए स्वस्तिक बनायें व अंक लिखें–)

3

2 卐 24

5

श्लोक– रयणत्तयं च वंदे चउवीस जिणे च सव्वदा वंदे।
पञ्च गुरुणां वंदे चारण–चरणं च सव्वदा वंदे॥

मंगलाष्टकम्

(नोट– ''कुर्वंतु ते मंगलम्'' बोलते हुए पुष्पांजलि क्षेपण करें)

अर्हन्तो भगवन्त इन्द्र–महिता: सिद्धाश्च सिद्धीश्वरा:।
आचार्या जिनशासनोन्नतिकरा: पूज्या उपाध्यायका:॥
श्रीसिद्धान्त–सुपाठका मुनिवरा रत्नत्रयाराधका:।
पञ्चैते परमेष्ठिन: प्रतिदिनं कुर्वन्तु ते मंगलम्॥

श्रीमन्नम्र – सुरा – सुरेन्द्र – मुकुट, प्रद्योत – रत्नप्रभा–
भास्वत्पाद–नखेन्दव: प्रवचनाम्भोधीन्दव: स्थायिन:।
ये सर्वे जिन–सिद्ध–सूर्यनुगतास्ते पाठका: साधव:,
स्तुत्या योगिजनैश्च पञ्चगुरव: कुर्वन्तु ते मंगलम्॥1॥

सम्यग्दर्शन–बोध–वृत्तममलं रत्नत्रयं पावनं,
मुक्ति–श्री–नगराधिनाथ–जिनपत्युक्तोऽपवर्गप्रद:।
धर्म: सूक्तिसुधा च चैत्यमखिलं चैत्यालयं श्रयालयं,
प्रोक्तं च त्रिविधं चतुर्विधममी कुर्वन्तु ते मंगलम्॥2॥

नाभेयादि–जिनाधिपास्त्रिभुवनख्याताश्चतुर्विंशति:,
श्रीमन्तो भरतेश्वरप्रभृतयो ये चक्रिणो द्वादश।
ये विष्णु–प्रतिविष्णु–लांगलधरा: सप्तोत्तरा विंशति:
स्त्रैकाल्ये प्रथितास्त्रिषष्टिपुरुषा: कुर्वन्तु ते मंगलम्॥3॥

देव्योऽष्टौ च जयादिका द्विगुणिता विद्यादिका देवता,
श्रीतीर्थंकरमातृकाश्च जनका यक्षाश्च यक्ष्यस्तथा।
द्वात्रिंशत् त्रिदशाऽधिपास्तिथिसुरा दिक्कन्यकाश्चाष्टधा,
दिक्पाला दश चैत्यमी सुरगणाः कुर्वन्तु ते मंगलम्॥4॥

ये सर्वौषधऋद्धयः सुतपसो वृद्धिंगताः पञ्च ये,
ये चाष्टांग-महानिमित्त-कुशला येऽष्टौ वियच्चारिणः।
पञ्चज्ञानधरास्त्रयोऽपि बलिनो ये बुद्धिऋद्धीश्वराः,
सप्तैते सकलार्चिता गणभृतः कुर्वन्तु ते मंगलम्॥5॥

कैलासे वृषभस्य निर्वृतिमही वीरस्य पावापुरे,
चम्पायां वसुपूज्यसज्जिनपतेः सम्मेदशैलेऽर्हताम्।
शेषाणामपि चोर्जयन्तशिखरे नेमीश्वरस्यार्हतो,
निर्वाणाऽवनयः प्रसिद्धविभवाः कुर्वन्तु ते मंगलम्॥6॥

ज्योतिर्व्यन्तर-भावनाऽमरगृहे मेरौ कुलाद्रौ तथा,
जम्बू-शाल्मलि-चैत्यशाखिषु तथा वक्षार-रूप्याद्रिषु।
इष्वाकारगिरौ च कुण्डलनगे द्वीपे च नन्दीश्वरे,
शैले ये मनुजोत्तरे जिनगृहाः कुर्वन्तु ते मंगलम्॥7॥

यो गर्भाऽवतरोत्सवो भगवतां जन्माऽभिषेकोत्सवो,
यो जातः परिनिष्क्रमेण विभवो यः केवलज्ञानभाक्।
यः कैवल्यपुरप्रवेशमहिमा संभावितः स्वर्गिभिः,
कल्याणानि च तानि पञ्च सततं कुर्वन्तु ते मंगलम्॥8॥

इत्थं श्रीजिनमंगलाष्टकमिदं सौभाग्य-संपत्प्रदं,
कल्याणेषु महोत्सवेषु सुधियस्तीर्थंकराणामुषः।
ये शृण्वन्ति पठन्ति तैश्च सुजनैर्धर्मार्थकामान्विता,
लक्ष्मीराश्रयते व्यपाय रहिता निर्वाण लक्ष्मीरपि॥9॥

॥ इति मंगलाष्टकम्॥

पूजन की थाली में निम्नलिखित श्लोक बोलते हुए स्वस्तिक बनायें व अंक लिखें–

श्लोक– रयणत्तयं च वंदे चउवीस जिणे च सव्वदा वंदे।
पञ्च गुरूणां वंदे चारण–चरणं च सव्वदा वंदे॥

3

2 卐 24

5

विनय पाठ

(दोहा)

प्रथम जिनेश्वर देव हो, वीतराग सर्वज्ञ।
हित उपदेशी नाथ तुम, ज्ञानरवि मर्मज्ञ॥1॥
केवलज्ञानी बन प्रभो, हरा जगत् अंधियार।
तीन लोक के बंधु बन, किया जगत् उपकार॥2॥
धर्म देशना से मिला, जग को दिव्य प्रकाश।
तव चरणों में नित रहे, यही करें अरदास॥3॥
कर्म बेड़ियाँ तोड़ने, भक्ति करें त्रयकाल।
तीन योग से हे प्रभो !, चरणों में नत भाल॥4॥
चतुर्गति भव भ्रमण से, तारों हमें जिनेश।
दयानिधि जिन ! कर दया, हरलो पाप विशेष॥5॥
प्रभुवर पूजा आपकी, सर्व रोग विनशाय।
विष भी अमृत हो प्रभो !, शत्रु मित्र बन जाय॥6॥
हलधर बलधर चक्रधर, अर्चा के उपहार।
परम्परा जिनभक्ति से, दे प्रभु पद उपहार॥7॥
बड़े पुण्य से जिन मिले, मिला प्रभु का द्वार।
मुक्त करो त्रय रोग से, विनती बारम्बार॥8॥
हम सेवक प्रभु आपके, हे अबोध ! अनजान।
राग–द्वेष अज्ञान हर, दे दो सच्चा ज्ञान॥9॥

मंगल उत्तम शरण है, मंगलमय जिनधर्म।
मंगलकारी सब गुरु, हरो हमारे कर्म॥10॥
चौबीसों जिनवर नमूँ, नमन पंच परमेश।
जिनवाणी गणधर गुरु, 'आस्था' नमें हमेश॥11॥

दिव्य पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

पूजा आरंभ (हिन्दी)

ॐ जय-जय-जय - नमोस्तु-नमोस्तु-नमोस्तु।
णमो अरिहन्ताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं॥

(ॐ ह्रीं अनादिमूलमंत्रेभ्यो नमः परिपुष्पाञ्जलि क्षिपामि)

चत्तारि मंगलं, अरिहन्ता मंगलं, सिद्धा मंगलं, साहू मंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं। चत्तारि लोगुत्तमा, अरिहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा, साहू लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा। चत्तारि सरणं पवज्जामि, अरिहंते सरणं पवज्जामि, सिद्धे सरणं पवज्जामि, साहू सरणं पवज्जामि, केवलिपण्णत्तो धम्मो सरणं पवज्जामि।

ॐ नमोऽर्हते स्वाहा, पुरिपुष्पाञ्जलि क्षिपामि।

णमोकार मंत्र महिमा

(चौपाई)

अपवित्र या जन पवित्र हो, सुस्थित हो या दुस्थित भी हो।
नमस्कार मंत्रों को ध्यायें, पापों से छुटकारा पायें॥1॥
सर्व अवस्था में भी ध्यायें, पापी भी पावन बन जाये।
जो सुमिरे नित परमातम को, अन्दर बाहर शुचि बने वो॥2॥
अपराजित ये मंत्र कहाता, सब विघ्नों को दूर भगाता।
सब मंगल में मंगलकारी, प्रथम सुमंगल जग उपकारी॥3॥
महामंत्र णवकार हमारा, सब पापों से दे छुटकारा।
सब मंगल में प्रथम कहाता, महामंत्र मंगल कहलाता॥4॥

परम ब्रह्म परमेष्ठी वाचक, सिद्धचक्र सुन्दर बीजाक्षर।
मैं मन-वच-काया से नमता, नमस्कार मंत्रों को करता॥5॥
अष्टकर्म से मुक्त जिनेश्वर, श्रीपति जिन मंदिर परमेश्वर।
सम्यक्त्वादि गुणों के स्वामी, नमस्कार मैं करता स्वामी॥6॥
जिनवर की संस्तुति करने से, मुक्ति मिले सारे विघ्नों से।
भूतादि का भय मिट जाता, विष निर्विष निश्चित हो जाता॥7॥

पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

उदकचंदनतंदुलपुष्पकैश्चरूसुदीपसुधूपफलार्घकैः।
धवलमंगलगानरवाकुले जिनगृहे कल्याणमहंयजे॥1॥

ॐ ह्रीं श्री भगवतो गर्भजन्मतपज्ञाननिर्वाण पंचकल्याणकेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उदकचंदनतंदुलपुष्पकैश्चरूसुदीपसुधूपफलार्घकैः।
धवलमंगलगानरवाकुले जिनगृहे जिनइष्टमहंयजे॥2॥

ॐ ह्रीं श्री अर्हंत्सिद्ध आचार्य उपाध्याय सर्वसाधुभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उदकचंदनतंदुलपुष्पकैश्चरूसुदीपसुधूपफलार्घकैः।
धवलमंगलगानरवाकुले जिनगृहे जिननाममहंयजे॥3॥

ॐ ह्रीं श्री भगवज्जिनसहस्रनामेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वस्ति मंगल विधान

(शंभु छंद)

श्री मज्जिनेन्द्र हो विश्ववंद्य, तुम तीन जगत के ईश्वर हो।
तुम चऊ अनंत गुण के धारी, स्याद्वाद धर्म परमेश्वर हो॥
श्री मूल संघ की विधि से मैं, अपना बहु पुण्य बढ़ाने को।
मैं मंगल पुष्प चढ़ाता हूँ, जिन पूजा यज्ञ रचाने को॥1॥
त्रैलोक्य गुरु हे जिनपुंगव !, मैं तुमको पुष्प चढ़ाता हूँ।
अपने स्वभाव में सुस्थित जिन, मैं तुमको पुष्प चढ़ाता हूँ॥
सम्पूर्ण रत्नत्रय के धारी, मैं तुमको पुष्प चढ़ाता हूँ।
हे समवशरण वैभव धारी, मैं तुमको पुष्प चढ़ाता हूँ॥2॥
अविराम प्रवाहित ज्ञानामृत, सागर को पुष्प समर्पित है।
निज परभावों के भेद विज्ञ, जिनवर को पुष्प समर्पित है॥

त्रिभुवन को सारे द्रव्यों के, नायक को पुष्प समर्पित है।
त्रैकालिक सर्व पदार्थों के, ज्ञायक को पुष्प समर्पित है॥3॥
पूजा के सारे द्रव्यों को, श्रुत सम्मत शुद्ध बनाया है।
यह भाव शुद्धि के अवलम्बन, द्रव्यों को शुद्ध सजाया है॥
शुचि परमातम का अवलम्बन, आतम को शुद्ध बनाता है।
उसको पाने हे जिन ! तेरी, यह पूजा भव्य रचाता है॥4॥
अर्हत् पुराण पुरुषोत्तम जिन, उनमें न सचमुच गुरुता है।
मैं भी स्वभाव से उन सम हूँ, मुझमें न निश्चय लघुता है॥
प्रभु से हो एकाकार मेरा, मैं ऐसी भक्ति रचाता हूँ।
केवल ज्ञानाग्नि में अपना, मैं पुण्य समग्र चढ़ाता हूँ॥5॥

ॐ ह्रीं जिनप्रतिमोऽपरि पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

स्वस्ति मंगल पाठ

(चौपाई)

वृषभ सुमंगल करे हमारा, अजित सुमंगल करे हमारा।
संभव स्वामी मंगलकारी, अभिनंदन हैं मंगलकारी॥1॥
सुमतिनाथ हैं मंगलकारी, पद्मप्रभु हैं मंगलकारी।
श्री सुपार्श्व जिन मंगलकारी, चंद्रप्रभु हैं मंगलकारी॥2॥
पुष्पदंत हैं मंगलकारी, शीतल स्वामी मंगलकारी।
श्री श्रेयांस जिन मंगलकारी, वासुपूज्य हैं मंगलकारी॥3॥
विमलनाथ हैं मंगलकारी, श्री अनंत जिन मंगलकारी।
धर्मनाथ हैं मंगलकारी, शांतिनाथ हैं मंगलकारी॥4॥
कुंथुनाथ हैं मंगलकारी, अरहनाथ हैं मंगलकारी।
मल्लिनाथ हैं मंगलकारी, मुनिसुव्रत हैं मंगलकारी॥5॥
नमि जिनवर हैं मंगलकारी, नेमीनाथ हैं मंगलकारी।
पार्श्वनाथ हैं मंगलकारी, वीर जिनेश्वर मंगलकारी॥6॥

पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्

स्वस्ति मंगल विधान

(यहाँ प्रत्येक श्लोक के अंत में पुष्पाञ्जलि क्षेपण करना चाहिए।)

नित्य अचल क्षायिक ज्ञानधारी, विशुद्ध मनःपर्यय ज्ञानधारी।
देशावधि आदि युत ऋषि मुनिगण, स्वस्ति सदा हो उन चरणों में॥1॥

महाकोष्ठ बीजबुद्धि पदानुसारि, संभिन्न संश्रोतृ स्वयं बुद्धिधारी।
प्रत्येकबुद्ध-बोधिबुद्ध ऋषिवर, स्वस्ति सदा हो उन चरणों में॥2॥

अभिन्नदशपूर्व-चतुर्दश पूर्वी, दिव्य मतिज्ञान महाबलधारी।
अष्टांगनिमित्त ज्ञाता ऋषिगण, स्वस्ति सदा हो उन चरणों में॥3॥

स्पर्श-चक्षु-कर्ण-घ्राण-रसना, आदि प्रबल इन्द्रिय के धारी।
महाशक्तिवन्त जिनमुनि-यति-ऋषिगण, स्वस्ति सदा हो उन चरणों में॥4॥

फल-तन्तु-नीर-जंघा-श्रेणी, पुष्प-बीज-अंकुर-रवि-अग्नि-गामी।
नभ-जल-वायुचारण ऋषिगण, स्वस्ति सदा हो उन चरणों में॥5॥

अणु-महालघु-गुरुऋद्धिधारी, सकामरूपित्व-वशित्वधारी।
वर्द्धमान बल के धारी गुरुवर, स्वस्ति सदा हो उन चरणों में॥6॥

मन औ वचनबल-कायबल ऋद्धि, प्राकाम्य-अप्रतिघात गुणधारी।
विक्रिया-क्रियाऋद्धि धारी गुरुवर, स्वस्ति सदा हो उन चरणों में॥7॥

उग्रोग्रतप-दीप्त-तप-तप्ततपसी, अवस्थित-उग्रतप-महातपऋद्धि।
तपो-लब्धि आदि से युक्त ऋषिगण, स्वस्ति सदा हो उन चरणों में॥8॥

आमर्ष-सर्वौषध ऋद्धिधारी, आषीर्विष-दृष्टिविष बल धारी।
सखिल्ल-विडजल्ल-मल्लौषधियुक्त, स्वस्ति सदा हो उन चरणों में॥9॥

क्षीरास्रवी-घृतस्रावी मुनीश्वर, अमृत-मधु-महारस के धारी।
अक्षीणआलय-महानस आदि, स्वस्ति सदा हो उन चरणों में॥10॥

इति परमर्षि स्वस्ति मंगल विधानं

(9 बार णमोकार मंत्र का जाप करें)

श्री नित्यमह पूजा

रचियित्री : ग. आर्यिका राजश्री माताजी

शंभु छन्द *(तर्ज- हे वीर तुम्हारे...)*

अरिहंत, सिद्ध, सूरी, पाठक, साधु और जिनवर चौबीसों।
गणधर जिन पंच बालयतिवर, जिन आगम गुरु प्रभुवर बीसों॥
माँ जिनवाणी, निर्वाणभूमि, रत्नत्रय, दशलक्षण प्यारा।
नंदीश्वर पंचमेरू जिनवर, जिनचैत्य चैत्यालय मनहारा॥
जिनधर्म जिनागम बाहुबली, सोलहकारण पूजन करता।
इनका आह्वानन करके मैं, श्री मोक्ष महल का सुख वरता॥1॥

ॐ ह्रीं श्री समुच्चय जिनेन्द्र ! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वानम्।
ॐ ह्रीं श्री समुच्चय जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री समुच्चय जिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

नरेन्द्र छन्द *(तर्ज : माइन-माइन...)*

धीर वीर गंभीर प्रभु की अर्चा मैं नित करता हूँ।
निर्मल जल की त्रय धारा दे जन्म-जरा-मृत हरता हूँ॥
देव-शास्त्र-गुरु बीस तीर्थंकर जिनवाणी गणधर पूजा।
त्रय चौबीसी रत्नत्रय नंदीश्वर दशलक्षण पूजा॥
सोलहकारण बाहुबली निर्वाणभूमि वा नवदेवा।
पंच परम परमेष्ठी पद की करते उत्तम सेवा॥1॥

ॐ ह्रीं श्री समुच्चय जिनेन्द्रेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

शीतल चंदन चरण चढ़ाता शीतलता मुझको देना।
भव का बन्धन हरने वाले भव की ज्वाला हर लेना॥ देव शास्त्र..॥2॥

ॐ ह्रीं श्री समुच्चय जिनेन्द्रेभ्यो संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

धवल मनोहर अक्षत लाया अक्षयपद पाने हेतू।
अक्षयपद को देने वाली पूजन है सबका सेतू॥ देव शास्त्र..॥3॥

ॐ ह्रीं श्री समुच्चय जिनेन्द्रेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

जल भूमिज बहु पुष्प चढ़ाऊँ श्रद्धा से जिन गुण गाऊँ।
कामबाण को वश में करके मन ही मन मैं हर्षाऊँ ॥
देव-शास्त्र-गुरु बीस तीर्थंकर जिनवाणी गणधर पूजा।
त्रय चौबीसी रत्नत्रय नंदीश्वर दशलक्षण पूजा॥
सोलहकारण बाहुबली निर्वाणभूमि वा नवदेवा।
पंच परम परमेष्ठी पद की करते उत्तम सेवा॥4॥

ॐ ह्रीं श्री समुच्चय जिनेन्द्रेभ्यो कामबाणविनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

पुआ पकौडी रबड़ी घेवर आदिक व्यंजन मैं लाया।
क्षुधावेदनी के भेदन को प्रभु सन्मुख दौड़ा आया॥ देव शास्त्र..॥5॥

ॐ ह्रीं श्री समुच्चय जिनेन्द्रेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जगमग दीपों की थाली ले आरती प्रभु की गाऊँगा।
मोहकर्म का नाश मेरा हो सम्यक्भाव बनाऊँगा॥ देव शास्त्र..॥6॥

ॐ ह्रीं श्री समुच्चय जिनेन्द्रेभ्यो मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप धूपायन में खेकर मैं अष्टकर्म का हनन करूँ।
प्रभु प्रतिमा के दर्शन करके निज स्वभाव का वरण करूँ॥ देव शास्त्र..॥7॥

ॐ ह्रीं श्री समुच्चय जिनेन्द्रेभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

ताजे मीठे फल से अर्चा मनवांछित फल देती है।
प्रभु की अर्चा मेरे जीवन के संकट हर लेती है॥ देव शास्त्र..॥8॥

ॐ ह्रीं श्री समुच्चय जिनेन्द्रेभ्यो महामोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

नीरादिक आठों द्रव्यों का सुन्दर थाल सजाया है।
पद अनर्घ्य की अभिलाषा से भक्तिभाव जगाया है॥ देव शास्त्र..॥9॥

ॐ ह्रीं श्री समुच्चय जिनेन्द्रेभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा : वीतराग भगवान की, पूजा सब सुख खान।
त्रयधारा जल की करूँ, छोड़ूँ सब अभिमान॥

शांतये शांतिधारा।

दोहा– काम सृष्टि का नाश हो, पुष्पवृष्टि के साथ।
पुष्पांजलि क्षेपण करूँ, पूर्ण विनय के साथ॥

दिव्य पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।

जाप्य मंत्र : ॐ ह्रीं श्री समुच्चय जिनेन्द्रेभ्यो नमः स्वाहा। (9, 27 या 108 बार जाप करें)

जयमाला

दोहा : जयमाला की माल से, गूंजे जय-जयकार।
जयमाला हम पढ़ रहे, मिलकर सब नर-नार॥

शंभु छन्द *(तर्ज : ये देश है वीर...)*

श्री वीतराग सर्वज्ञ हितैषी अरिहंतों को नमन करूँ।
श्री सिद्ध सूरी पाठक साधु जिनचैत्य जिनालय नमन करूँ॥
सब द्वीपों के प्रभुवर न्यारे सीमंधर आदिक को ध्याऊँ।
श्री पंचमेरू अरू नंदीश्वर के चैत्यालय के गुण गाऊँ॥1॥

दशलक्षणधर्म हृदय धारूँ सोलहकारण भावन भाऊँ।
रत्नत्रय धारण करने के सम्यक् साधन को अपनाऊँ॥
चौदह सौ बावन गणधर जी सब ऋद्धि-सिद्धि देने वाले।
प्रभु के पाँचों कल्याणक भी सबका संकट हरने वाले॥2॥

जिनवर के सब जन्मस्थल को करता हूँ मैं शत-शत वंदन।
श्रावस्ती कौशाम्बी काशी अयोध्या चंद्रपुरी वंदन॥
काकंदी राजगृही मिथिला चंपापुर कुंडलपुर वंदन।
वैशाली सिंहपुरी कम्पिल हस्तिनापुर आदि वंदन॥3॥

अतिशय औ सिद्धक्षेत्र जी का सुमरण सब पाप तिमिर हरता।
मैं चंपा पावा ऊर्जयंत सम्मेदशिखर वंदन करता॥

पावा द्रोणा सोना तुंगी कैलाश चूलगिरी ध्याऊँगा।
रेसंदी मुक्ता उदयरत्न कुंथलगिरी को मैं जाऊँगा।।4।।

विपुलाचल पोदनपुर मथुरा तारंगा गजपंथा वंदन।
श्री सिद्धवरकूट कमलदहजी गुणावा शत्रुंजय वंदन।।
अहिक्षेत्र अणिंदा णमोकार जटवाडा पैठण चंवलेश्वर।
कचनेर चाँदखेड़ी पाटन जिन्तूर तिजारा गोमटेश्वर।।5।।

कुन्थुगिरी नवग्रह धर्मतीर्थ मांडल केशरिया को वंदन।
श्री महावीरजी पदमपुरा ऋषितीर्थ आदि को भी वंदन।।
जय ऊर्ध्व मध्य और अधोलोक के सब चैत्यालय मनहारी।
निर्वाण सिधारे पूज्य पुरुष की पूजा सब संकटहारी।।6।।

श्री राम हनु सुग्रीव नील महानील कुम्भ शम्बु ज्ञानी।
लवमदनांकुश सागर वरदत्त श्री बाहुबली स्वामी ध्यानी।
गौतम जम्बू सुधर्मा श्री त्रय पांडवसुत अनिरूद्ध नमन।
इस ढाईद्वीप से मोक्ष पधारे उन गुरुओं को है वंदन।।7।।

श्री पँचबालयति को ध्यायें नवदेवों की शरणा पायें।
सातिशय पुण्य कमाने को मंगलमय पूजा हम गायें।।
जिनगुण के अनुरागी बनकर संसार भ्रमण का नाश करें।
शिवपुर के राजतिलक हेतु यह 'राज' प्रभुगुण आश करे।।8।।

ॐ ह्रीं श्री समुच्चय जिनेन्द्रेभ्यो जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा : श्री जिन के आशीष से, प्रगटाऊँ निज ज्ञान।
पूजन-कीर्तन-भजन से 'राज' वरे शिव थान।।

इत्याशीर्वादः दिव्य पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।

ऋद्धि मंत्र

स्वाहा बोलते हुये प्रत्येक मंत्र में यहाँ पुष्प चढ़ायें या धूप चढ़ायें। विधान करने से पूर्व ऋद्धि मंत्र अवश्य पढ़े।

णमो अरहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं।।1।।

1. णमो जिणाणं
2. णमो ओहि-जिणाणं
3. णमो परमोहि-जिणाणं
4. णमो सव्वोहि-जिणाणं
5. णमो अणंतोहि-जिणाणं
6. णमो कोट्ठ-बुद्धीणं
7. णमो बीज-बुद्धीणं
8. णमो पादाणु-सारीणं
9. णमो संभिण्ण-सोदारणं
10. णमो सयं-बुद्धाणं
11. णमो पत्तेय-बुद्धाणं
12. णमो बोहिय-बुद्धाणं
13. णमो उजु-मदीणं
14. णमो विउल-मदीणं
15. णमो दस पुव्वीणं
16. णमो चउदस-पुव्वीणं
17. णमो अट्ठंग-महा-णिमित्त-कुसलाणं
18. णमो विउव्वइट्ठि-पत्ताणं
19. णमो विज्जाहराणं
20. णमो चारणाणं
21. णमो पण्ण-समणाणं
22. णमो आगासगामीणं
23. णमो आसी-विसाणं
24. णमो दिट्ठिविसाणं
25. णमो उग्ग-तवाणं
26. णमो दित्त-तवाणं
27. णमो तत्त-तवाणं
28. णमो महा-तवाणं
29. णमो घोर-तवाणं
30. णमो घोर-गुणाणं
31. णमो घोर-परक्कमाणं
32. णमो घोर-गुण-बंभयारीणं
33. णमो आमोसहि-पत्ताणं
34. णमो खेल्लोसहि-पत्ताणं
35. णमो जल्लोसहि-पत्ताणं
36. णमो विप्पोसहि-पत्ताणं
37. णमो सव्वोसहि-पत्ताणं
38. णमो मण-बलीणं
39. णमो वचि-बलीणं
40. णमो काय-बलीणं
41. णमो खीर-सवीणं
42. णमो सप्पि-सवीणं
43. णमो महुर सवीणं
44. णमो अमिय-सवीणं
45. णमो अक्खीण महाणसाणं
46. णमो वड्ढमाणाणं
47. णमो सिद्धायदणाणं
48. णमो सव्व साहूणं

(णमो भयवदो-महदि-महावीर-वड्ढमाण-बुद्ध-रिसीणो चेदि।)

इति पुष्पांजलिं क्षिपेत्।।

श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ पूजा

(गीता छंद)

सब तीर्थ के श्री पार्श्व जिन, चिंतामणि जगख्यात हैं।
चिंता हरें हर भक्त की, अतिशय करें दिनरात वे॥
पद्मावती अहिपति विराजें, पार्श्व जिन तुम पास में।
आह्वान हम करते प्रभो, पुष्पांजलि ले हाथ में॥

ॐ ह्रीं श्री चितामणि पार्श्वनाथ जिनेन्द्र ! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननम्।
ॐ ह्रीं श्री चितामणि पार्श्वनाथ जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः-ठः स्थापनम्।
ॐ ह्रीं श्री चितामणि पार्श्वनाथ जिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणम्।

(शेर छंद)

हर तीर्थ में अभिषेक होता नित्य आपका।
